

03

रामलीला मैदान में लगाया वैक्सीनेशन कैंप

# आज समाज

www.aajsamaaj.com

04

सीजेएम सुकीर्ति गोयल ने बाल संरक्षण का किया औचक निरीक्षण



नई दिल्ली, पृष्ठ-04, शुक्रवार, 17 जून 2022

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र

विक्रमी संवत 2079, ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी, मूल्य 2.00 रुपए


# कैंपस में हुआ भर्ती अभियान का आयोजन

आज समाज नेटवर्क




प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के साथ-साथ भर्ती अभियान के तहत पहुंचे अधिकारी।

**बल्लभगढ़।** वाणिज्य विभाग द्वारा अग्रवाल कॉलेज, बल्लभगढ़ में बृहस्पतिवार को प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल के साथ-साथ आईसीएआई के तहत एनआईआरसी की फरीदाबाद शाखा के सहयोग से कैंपस भर्ती अभियान का आयोजन किया गया है। यह अभियान प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित किया। प्राचार्य हमेशा विद्यार्थियों को स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा देते हैं उसी प्रेरणा के संदर्भ में यह एक प्रयास कैंपस भर्ती के माध्यम से किया गया। इस अभियान में विभिन्न सीए फर्मों के प्रतिष्ठित प्रमुख उपस्थित थे। कैंपस प्लेसमेंट के लिए कुल 11 अलग-अलग सीए फर्म आई थीं। इस अभियान में बीकॉम फाइनल ईयर और बीकॉम पास आउट के छात्रों ने भाग लिया। छात्रों का उत्साह देखने लायक था। यह आयोजन छात्रों के लिए ज्ञान और अवसरों से भरा था। इस अभियान में लगभग 200 साक्षात्कार आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीए हर्ष मित्तल, चेयरमैन ऑफ फरीदाबाद ब्रांच ऑफ एनआईआरसी एवं सेक्रेटरी सी ए राजेंद्र सिंह ढिल्लों उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शोभना गोयल ने अन्य सभी संकाय सदस्यों के साथ किया। प्राचार्य ने इस कार्यक्रम की सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई दी और प्रोत्साहित किया।